# ईद पर दी ईद की बधाई














1–राज्यपाल से गले मिलकर उन्हें ईद की बधाई देते मुख्यमंत्री श्री बहुगुणा।
2–राज्यपाल को ईद के अवसर पर बधाई देते श्री डा. हरक सिंह रावत।
3–राज्यपाल को ईद के अवसर पर बधाई देते मंत्री श्री हरीश सिंह रावत।
4–राज्यपाल को ईद की बधाई देते हुए राजभवन के कर्मचारी।
5–राज्यपाल को ईद की बधाई देते हुए उद्योगपति डा. फारूख।
6–राज्यपाल को ईद की बधाई देते हुए उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी

## राज्यपाल से मिले राजनैतिक दिग्गज

**देहरादून।** आज राज्यपाल ने सभी देश एवं प्रदेश वासियों को ईद की शुभकामना एवं बधाई देते हुए अपील की कि देश एवं राज्य की तरक्की, अमन–चैन के लिए आपसी सद्भाव व भाईचारे की भावना से समाज में ऐसा वातावरण बनाये कि विघटनकारी तत्वों के नापाक इरादे पूरी तरह नेस्तानाबूद हो जाए।

आज ईद के अवसर पर राज्यपाल डा0 अज़ीज़ कुरैशी को बधाई देने के लिए कई विशिष्ट महानुभाव राजभवन पहुॅचे। आगन्तुक अतिविशिष्ट अतिथियों में राज्य के मुख्यमंत्री श्री विजय बहुगुणा, केन्द्रीय मंत्री श्री हरीश रावत तथा राज्य के वरिष्ठ मंत्री डा0 हरक सिंह रावत ने राजभवन पहुॅच कर राज्यपाल को ईंद–उल–फितर की बधाई व शुभकामनाएं दी। इसके अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आलोक जैन, लोक सेवा आयोग उत्तराखण्ड के अध्यक्ष श्री पी. के. जोशी, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 विनय पाठक, मुख्य वन संरक्षक डा0 आर.बी.एस.रावत, सचिव मुख्यमंत्री श्री एम. एच.खान, श्री एस.एस.संधू, श्री आर.सी.पाठक, श्री एस.एस.रावत एवं प्रभारी महानिदेशक स्वास्थ्य डा0 आर्या सहित अनेक अधिकारियों ने भी राज्यपाल से भेंट कर उन्हें ईद की बधाई दी। डा0 फारूख एवं डा0 रंजीत भार्गव सहित और भी अनेक लोगो ने राज्यपाल को बधाईं दी।

इससे पूर्व प्रमुख सचिव राज्यपाल श्री अशोक पई, अपर सचिव डी. सैंथिल पांडियन, वित्त नियंत्रक श्रीमती पूनम, राज्यपाल के दोनो परिसहायों सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने राजभवन पहुॅचकर राज्यपाल को बधाईं एवं शुभकामनाएं दी।


पेज थ्री
## जीवन साथी
अब हर रविवार
अब मात्र रु. 10 प्रति शब्द




## मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने दी प्रदेशवासियों ईद की बधाई

**देहरादून।** मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने प्रदेश के राज्यपाल महामहिम डॉ. अजीज कुरैशी से भेंट कर ईद–उल–फितर की मुबारकबाद दी। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी प्रदेशवासियों से ईद–उल–फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे और कौमी एकता के साथ मनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि ईद का त्यौहार खुशियों एवं समृद्धि का प्रतीक है, जिसे हमें आपस में मिलजुलकर, शान्ति एवं सौहार्द से मनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी धर्मों में मानव सेवा को सर्वोपरि बताया गया है। मुख्यमंत्री सहसपुर में जिला अध्यक्ष कांग्रेस दीन मोहम्मद, जमनपुर में अकील अहमद, भुड्डीगांव में नसीमुद्दीन के आवास पर गये और ईद के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गये। मुख्यमंत्री ने सभी लोगो को ईद की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याण के लिए वचनबद्ध है और उनके कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है।

## राजीव के प्रयासों से देश का हुआ उत्थान

**देहरादून।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 68वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने राजीव के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

सोमवार को स्व. राजीव गांधी की जयंती पर यहां कांग्रेस भवन में राजीव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि राजीव ने सपना देखा था कि हिंदुस्तान खुशहाल हो और प्रत्येक व्यक्ति को उसका हक मिले। उन्होंने एक विकसित भारत का सपना देखा था, जिसमें सभी लोगों को बुनियादी सुविधाएं मयस्सर हों। इसीलिये आधुनिक भारत के उनके सपने को पूरा करना हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उनके दिखाए रास्ते पर चलकर देश को समृद्ध बनाने का प्रयास कर रही है व करती करेगी। धस्माना ने कहा कि राजीव ने भ्रष्टाचार मुक्त देश का सपना देखा था। जिसे पूरा करने की दिशा में कांग्रेस आगे बढ़ रही है। कहा कि राजीव के दिखाए रास्ते पर चलकर ही देश को विश्व पटल

- कांग्रेसियों ने राजीव के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया

## दलित शोषित विकास मंच ने राजीव को किया याद

**ऋषिकेश।** दलित शोषित विकास मंच ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के जन्म दिन पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए। विकास मंच के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंच के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल जाटव ने कहा कि स्व राजीव गांधी के कार्यकाल में दलितों के उत्थान के लिए अनेक कार्य हुए।

उन्होंने कई विकास योजनाएं इस तरह की चलाई जिसका लाभ आज तक पिछड़ी जातियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। उनके कार्यकाल में ही दूर संचार क्रान्ति की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की विकासपरक सोच के कारण ही भारत के युवाओं को दुनिया में नए आयाम स्थापित करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही भारत दुनियां में अपनी विशेष पहचान बना सकता है।

पर स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से शक्तिशाली और आर्थिक रूप से संपन्न होता जा रहा है। इसमें राजीव के विचारों और दूरदृष्टि का अहम योगदान है। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मंत्री रामप्रसाद टमटा, उत्तराखण्ड सहकारी संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, विनोद चन्दोला, सुमेर चन्द रवि, दिनेश कौशल, पार्षद बीना बिष्ट, आदि रहे।

## शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से मिले वरिष्ठता

**काशीपुर।** राजकीय शिक्षक संघ ने तदर्थ शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता दिलाने, उपार्जित अवकाश की संख्या 16 करने आदि मांगें शासन के समक्ष उठाई। संघ के काशीपुर, जसपुर व बाजपुर के पदाधिकारियों की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एलटी से प्रवक्ता पद पर प्रोन्नति, हेडमास्टर व प्रधानाचार्य की पदोन्नति, बीटीसी ग्रेड की शिक्षिकाओं के पद नाम व पदोन्नति, दुर्गम व अतिदुर्गम की सेवा के लिए प्रोत्साहन राशि ग्रेड–पे के बराबर दिलाने, नॉन पीजी शिक्षिकों को प्रोन्नत वेतनमान, उपार्जित अवकाश बढ़ाने, प्रोन्नत व चयन वेतनमान पर तीन प्रतिशत अतिरिक्त वेतन वृद्धि और पदोन्नति पर आवश्यक तीन प्रतिशत वेतन वृद्धि आदि मांगें उठाई। प्रांतीय अध्यक्ष भीम सिंह ने बताया कि इन मांगों पर शासन से बातचीत की जा रही है। स्थानांतरण पर रोक की तरह ये मांगें भी शीघ्र पूरी होने की उम्मीद है। इस दौरान सुभाष शर्मा, एवेंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, मनोज प्रजापति, एसएन सिंह, धर्मेंद्र बसेड़ा आदि मौजूद थे।

## दोहरी नीतियां अपना रही हैं सरकार : पंकज

**देहरदून।** उत्तराखंड पॉलीटेक्निक संविदा संघ के पूर्व अध्यक्ष एस.एन. एवं पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सैलानी में वर्तमान सरकार पर दोहरी नीतियों को अपनाने का आरोप लगाया है, जो संविदा प्रवक्ता वर्षो से लगन एवं ईमानदारी से वर्षो से राजकीय पॉलीटेक्निक के दूर दराज क्षेत्रों में अपनी सेवायें दे रही हैं।

आज उन्हीं शिक्षकों को सरकार की लापरवाही के कारण नई नियुक्ति प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है, एक तरफ सरकार सुरक्षित रखने के लिए रास्ता तलाशने का आश्वासन दे रही है, वहीं दूसरी ओर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों पर मनमानी करने से रोकने में असक्षमता दिखा रही है। राज्य सरकार को जरा भी यह ध्यान नहीं है कि जो व्यक्ति विभाग की सेवा देते हुए आयुसीमा भी पार कर चुके है, इस हालत में अपने परिवार के साथ अब कहां जायेगा लेकिन, इस सबका असर तो सिर्फ उस शिक्षक पर पड़ रहा है जो अब कहीं का नहीं रहा है। 13 अप्रैल 2012 को एक प्रतिनिधि मंडल मंत्री शिक्षा मंत्री प्रसाद नैथानी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिले अपनी उस समस्या के बारे में कहा था, कि लोक सेवा आयोग के माध्यम से शासन/विभाग में जिन 198 प्रवक्ता पदों हेतु जो विज्ञप्ति जारी की थी उस जारी विज्ञप्ति में इन कार्यरत संविदा के पदों को भी जोड़ दिया गया जो आवेदन करने में असमर्थ हैं, इन संविदा प्रवक्ताओं का प्रतिशत गुणांक आजकल के युवाओं के प्रतिशत गुणांक से कम हैं, और आयोग के दरवाजे तक पहुंच ही नहीं पाते तब मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था 26 जुलाई 2012 उत्तराखण्ड के सभी राजकीय पॉलीटेक्निकों में पठन–पाठन कार्य शुरू हो चुका है, एवं पठन–पाठन की 50 प्रतिशत जिम्मेदारी संविदा शिक्षकों पर है, कहीं तो सिर्फ संविदा शिक्षक ही तैनात है फिर भी इनकी नियुक्ति नहीं मिलने से बच्चों का भविष्या अंधकार में है।

## सुपरफास्ट खबरें

### ट्रेन से गिरने पर साधु का हाथ कटा

**काशीपुर।** पैर फिसलने से साधु ट्रेन से गिर गया। इससे उसका एक हाथ कट गया। उसे एंबुलेंस से राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हरियाणा निवासी राम गिरि रविवार रात काशीपुर से रामनगर जाने वाली ट्रेन पर चढ़ने लगा। ट्रेन गति में थी, जिससे उसका पैर फिसल गया और वह पटरी पर जा गिरा। इससे उसका हाथ ट्रेन से कट गया। इससे रेलवे स्टेशन पर हड़कंप मच गया। उसी बीच किसी ने उसे एंबुलेंस 108 से अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। डॉ. केके शर्मा ने बताया कि हाथ बुरी तरह कट गया था।

उसका ऑपरेशन किया गया।

### मरीजों को फल वितरित किए

**डोईवाला।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के जन्मदिन के मौके पर कांग्रेसियों ने बेस चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए। सोमवार सवेरे कांग्रेस के महामंत्री प्रीतपाल सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ता बेस चिकित्सालय पहुंचे और उन्होंने मरीजों को फल वितरीत कर उनके शीघ्र कुशल होने की कामना की। इस मौके पर प्रीतपाल सिंह ने कहा कि स्व राजीव गांधी की विकास परक सोच के कारण ही आज भारत को दुनियां में एक मुकाम हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। जिनके विचारों पर चलकर भारत विकास के चरम का छू सकता है। इस मौके पर नितिन वोहरा, दिलराज सिंह, राम प्रताप कुनाल, हरदीप आदि शामिल थे।

### मांग की

**काशीपुर।** राज्य आंदोलनकारियों ने सांसद केसी सिंह बाबा से चिह्नीकरण कराकर सम्मान पत्र दिलाने की मांग की।
उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने सांसद बाबा को दिए ज्ञापन में कहा कि उत्तर प्रदेश से अलग पर्वतीय राज्य बनाने के आंदोलन में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने के बावजूद आंदोलनकारियों को सम्मान पत्र नहीं दिए गए, जबकि इन लोगों ने भूख हड़ताल, धरना–प्रदर्शन किया था। ज्ञापन देने वालों में उमेश जोशी, शैलेंद्र मिश्रा, अशोक टंडन, नीमा पंत, मोहन सिंह बिष्ट, कुसुम वशिष्ठ, सुशील कुमार शर्मा, सनत कुमार अग्रवाल, ज्ञानेंद्र वर्मा आदि शामिल थे।

### मुस्लिम समाज के विकास की मांग उठाई

काशीपुर। ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शेख अब्दुल अजीज कुरैशी ने प्रदेश सरकार से मुस्लिम समाज के विकास की मांग की। मोहल्ला तुफैल गार्डन के फेडरेशन कार्यालय पर हुई बैठक में मुख्यमंत्री के कलियर शरीफ का विकास, वक्फ संपत्तियों की हिफाजत, गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता, उर्दू को रोजगार से जोड़ने, उर्दू अध्यापकों की भर्ती, अल्पसंख्यक विकास बोर्ड का गठन, मदरसों के बच्चों को प्रोत्साहन, उत्तराखंड हज हाउस का निर्माण आदि के लिए कदम उठाने का अजीज कुरैशी ने स्वागत किया।

## मास्साब सीखेंगे पढ़ाने की नई तरकीबें

> सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण 22 अगस्त से शुरू होगा। पहले चरण में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक हिस्सा लेंगे। उसमें उन्हें शिक्षण कार्य रुचिकर बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
> **– हीरालाल गौतम, खंड शिक्षा अधिकारी**

**काशीपुर।** अब मास्साब पढ़ाने के नए–नए गुर सीखेंगे। मास्टर्स ट्रेनर्स उन्हें 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शिक्षण कार्य रुचिकर व मनोरंजक बनाने की जानकारी देंगे। यह प्रशिक्षण तीन चरणों में होगा। पहला चरण बुधवार से शुरू होगा।

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत ब्लॉक के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण के तहत शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसका पहला 10 दिवसीय बैच बुधवार को बीआरसी सभागार में शुरू होगा। पहले चरण में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के करीब 32–35 शिक्षक हिस्सा लेंगे। यह प्रशिक्षण जनपदीय मास्टर्स ट्रेनर्स ट्रेनिंग में हिस्सा लेकर आए 10 ट्रेनर्स देंगे। इसके अंतर्गत उन्हें हिंदी और गणित जैसे नीरस व कठिन विषयों को रुचिकर व मनोरंजक तरीके से पढ़ाने के गुर सिखाए जाएंगे, ताकि बच्चों का इन विषयों के प्रति रुझान बढ़े। इसके अतिरिक्त सतत एवं व्यापक मूल्यांकन विषय पर भी शिक्षकों को विशेष जानकारी दी जाएगी। इसके माध्यम से शैक्षणिक सत्र में पठन–पाठन प्रक्रिया सरल व मनोरंजक हो सकेगी। यह प्रशिक्षण तीन चरणों में पूरा होगा। अलग–अलग चरणों में अलग विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।






## लालबत्ती बनी सरकार की गले की फांस

- लालबत्ती को लेकर कांग्रेस नेताओं में बेचैनी का आलम बना हुआ है

**देहरादून।** सूबे में लालबत्ती का बंटवारा मुंख्यमंत्री के गले की फांस बना हुआ है। लालबत्ती की चाहत रखने वाले नेताओं में अब वार्ड स्तर के नेता भी शामिल होने लगे हैं। ऐसे में सीएम दरबार में पहुंचने वाली लम्बी–चौड़ी लिस्ट को देखते हुए यह साफ होने लगा है कि लालबत्तियों के बंटवारे पर अंतिम मुहर दस जनपथ से ही लगने की संभावना जताई जा रही है।
सितारगंज चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बहुगुणा ने पार्टी के नेताओं के अलावा यूकेडी और बसपा के नेताओं को भी भरोसा दिलाया था कि जीत के बाद वे सभी नेताओं को लालबत्ती से नवाजकर उन्हें खुश करेंगे। विधानसभा चुनाव में पार्टी के हारे हुए नेताओं तिलकराज बेहड़, हीरा सिंह बिष्ट, शूरवीर सिंह सजवाण, किशोर उपाध्याय, रंजीत रावत के अलावा बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए नारायण पाल को प्राथमिकता के आधार पर लालबत्ती दिए जाने की संभावना है। इसके साथ ही सीएम के लिए पार्टी के विधायकों को एडजस्ट करने की भी समस्या बनी हुई है। सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री बहुगुणा भी लालबत्ती के किसी भी विवाद में पड़ने की जगह पर जो भी लिस्ट तैयार हो रही है उसमें अन्तिम मुहर के लिए हाईकमान के समक्ष रखने की योजना बना रहे है, जिससे कि लालबत्तियों के बंटवारे का प्रकरण सीधे हाईकमान से फाईनल किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार का विवाद भी न उत्पन्न हो सके। सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी के शासनकाल में जिस तरह से



लालबत्ती का बंटवारा किया गया था उसी की तर्ज पर एक बार फिर से सूबे में लालबत्ती के बंटवारे को लेकर कांग्रेसी नेता आस लगाए बैठे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के सामने एक विकट समस्या पैदा हो रही है। लालबत्ती को लेकर कांग्रेसी नेताओं में बेचैनी का आलम बना हुआ है और इन नेताओं की छटपटाहट व बेचैनी के बीच लाल बत्तियों पर पहला हक पार्टी के हारे हुए वरिष्ठ नेताओं को दिए जाने की बात सामने आ रही है इसके साथ ही संगठन के भी कुछ वरिष्ठ नेताओं को मंत्री स्तर के दर्जे से नवाजे जाने की संभावनाएं बलवती हो रही है। मुख्यमंत्री को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी खुश करने की समस्या उत्पन्न हो रही है। यदि सीएम इसे नजरअंदाज करते हैं तो सरकार के स्थायित्व पर भी प्रश्नचिन्ह लग सकता है। इसके लिए भी बहुगुणा को उन नेताओं के समर्थकों को लालबत्ती देकर उन्हें संतुष्ट करने को अपनी प्राथमिकताओं में शमिल करने की चिंता सता रही है।